**NEWS CLIPPING: 23.12.2016**

**HINDUSTAN**

# कम्युनिटी कॉलेज में नए कोर्स मंजूर



फरीदाबाद वाईएमसीए विवि में चार नए पाटयक्रम शुरू करने को लेकर गुरुवार को कुलापति प्रो. दिनेश कुमार ने विश्वविद्यालय प्रबंधन मंडल की बैठक ली। • हिन्दुस्तान

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में युवाओं के कौशल विकास के लिए चल रहे कम्यूनिटी कॉलेज में अगले साल से चार नए कोर्स शुरू होंगे। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत इन कोर्स को मंजूरी मिल चुकी है। जनवरी से इनमें दाखिले की प्रक्रिया शुरू होगी।

यह फैसला कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई बैठक में लिया गया। वाईएमसीए के कम्युनिटी कॉलेज में अब युवा लेथ ऑपरेटर, एयर कंडीशनिंग (तकनीशियन), असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन और आईटी कोऑर्डिनेटर के कोर्स भी कर पाएंगे। गौरतलब है कि संस्थान के कम्यूनिटी कॉलेज में पहले ही तीन कोर्स कराए जा रहे हैं। इनमें वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रीशियन तथा एयर कंडीशनिंग शामिल हैं। सभी कोर्स तीन से साढ़े सात बजे तक चलेंगे।

## 23 जनवरी से बैच शुरू

कम्युनिटी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. नवदीप मल्होत्रा ने बताया कि नए कोर्सों में दाखिले के लिए 25-25 सीटें निर्धारित की गई हैं। पहला बैच 23 जनवरी 2017 से शुरू होगा। इसके लिए इच्छुक 10 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। इन सभी सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों की न्यूनतम अवधि 250 घंटे से 400 घंटे यानी तीन से चार महीने की रहेगी। इनमें दाखिले के लिए न्यूनतम योग्यता 10वीं पास तथा आईटी कोऑर्डिनेटर के लिए डिप्लोमा पास है। सभी कोर्स तीन से साढ़े सात बजे तक चलेंगे।

## जागरूक चलेगा अभियान

उन्होंने बताया बैठक में ऑनलाइन लेनदेन सिखाने के लिए भी एक प्रस्ताव पास किया गया है। छात्रों की मदद से नकदीरहित लेन-देन को जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

**NEWS CLIPPING: 23.12.2016**

**AMAR UJALA**

# वाईएमसीए विवि के कम्युनिटी कॉलेज में शुरू होंगे चार नए कोर्स

बल्लभगढ़ (ब्यूरो)। वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी प्रशासन युवाओं के कौशल विकास एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत चार नए पाठ्यक्रम शुरू करेगा। कम्युनिटी कॉलेज के अंतर्गत लेथ ऑपरेटर, एयर कंडिशनिंग (तकनीशियन), असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन और आईटी कोऑर्डिनेटर पाठ्यक्रम के तहत बेरोजगार युवाओं को शिक्षित किया जाएगा। यह निर्णय कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की अध्यक्षता में कम्युनिटी कॉलेज के प्रबंधन मंडल की बैठक में लिया गया।

नए पाठ्यक्रम राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन की संचालन समिति से स्वीकृत हैं। बैठक में नए पाठ्यक्रमों के कार्यक्रम को भी स्वीकृति दी गई। वर्ष भर चलने वाले चारों पाठ्यक्रमों का पहला बैच 23 जनवरी 2017 से प्रारंभ होगा, जिसके लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख 10 जनवरी 2017 तय की गई है। बैठक में संकायाध्यक्ष प्रो. संदीप ग्रोवर, प्रो. सीके नागपाल, कम्युनिटी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो. विकास तुर्क, कुलसचिव डॉ. संजय शर्मा, अनूप केकर मौजूद थे।

**NEWS CLIPPING: 23.12.2016**

**DAINIK BHASKAR**

# वाईएमसीए कम्युनिटी कॉलेज में 4 नए रोजगार पाठ्यक्रम शुरू, शाम को लगेंगी कक्षाएं

पहला बैच 23 जनवरी 2017 से शुरु होगा, आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 जनवरी

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय युवाओं के कौशल विकास एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित कम्युनिटी कालेज में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत चार नए पाठ्यक्रम शुरू करेगा। इसमें लेथ ऑपरेटर, एयर कंडीशनिंग, असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन व आईटी कोआर्डिनेटर कोर्स शामिल हैं। इन्हें करने के बाद बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिल सकेगा। यह निर्णय कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की अध्यक्षता में हुई कम्युनिटी कालेज के प्रबंधन मंडल की बैठक में लिया गया।

## नए पाठ्यक्रमों के कार्यक्रमों को भी स्वीकृति दी गई

नए पाठ्यक्रम राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन की संचालन समिति द्वारा स्वीकृत है। बैठक में नए पाठ्यक्रमों के कार्यक्रमों को भी स्वीकृति दी गई। वर्ष भर चलने वाले चारों पाठ्यक्रमों का पहला बैच 23 जनवरी 2017 से प्रारंभ होगा। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 जनवरी 2017 है। बैठक में संकायाध्यक्ष प्रो. संदीप ग्रोवर, प्रो. सीके नागपाल, कम्युनिटी कालेज के पूर्व प्राचार्य प्रो. विकास तुर्क, कुल सचिव डा. संजय कुमार शर्मा, फरीदाबाद औद्योगिक संघ के अध्यक्ष नवदीप चावला, केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के अंतर्गत क्षेत्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण निदेशालय में संयुक्त निदेशक योगेश बागिया, औद्योगिक विशेषज्ञ एचएल भूटानी, इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र कौशल परिषद के उपाध्यक्ष (परियोजना) पीयूष चक्रवर्ती व सोसायटी आफ ऑटोमोटिव इंजीनियर्स के कार्यकारी निदेशक अनूप केकर मौजूद थे।



फरीदाबाद. कॉलेज के प्रबंध मंडल की बैठक को संबोधित करते प्रो. दिनेश कुमार।

**दाखिले के लिए 25 सीटें निर्धारित :** कम्युनिटी कालेज के प्राचार्य प्रो. नवदीप मल्होत्रा के अनुसार कम्युनिटी कालेज के नए पाठ्यक्रमों में लेथ ऑपरेटर, एयर कंडीशनिंग, असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन और आईटी कोआर्डिनेटर में दाखिले के लिए 25-25 सीटें निर्धारित की गई है। इन सभी कोर्स की न्यूनतम अवधि 250 से 400 घंटे यानि 3 से 4 महीने की रहेगी व न्यूनतम योग्यता 10वीं पास व आईटी कोआर्डिनेटर के लिए डिप्लोमा पास है।

**शाम को लगेंगी कॉलेज में कक्षाएं :** नए पाठ्यक्रमों के संचालन के लिए विश्वविद्यालय में जगह की कमी को देखते हुए बैठक में निर्णय लिया गया कि कम्युनिटी कालेज के सभी पाठ्यक्रम सायं सत्र में 3.20 से सायं 7.30 बजे तक संचालित किए जाएंगे। इसके अलावा शनिवार सुबह 9 से शाम 5 बजे तक कक्षाएं लगाई जाएंगी। कुलपति ने कम्युनिटी कालेज के अंतर्गत स्थानीय उद्योगों की जरूरत अनुसार नए कोर्सेज लाने व लोगों को ई-ट्रांजेक्शन के प्रति जागरूक बनाने के लिए अभियान चलाने का प्रस्ताव रखा। जिसे बैठक में स्वीकार कर लिया गया।

**NEWS CLIPPING: 23.12.2016**

**AAJ SAMAJ**

# कम्युनिटी कॉलेज में शुरू होंगे 4 नए पाठ्यक्रम



कम्युनिटी कालेज के प्रबंधन मंडल की बैठक करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।

## आज समाज नेटवर्क

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा युवाओं के कौशल विकास एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित कम्युनिटी कालेज प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत चार नये पाठ्यक्रम लेथ ऑपरेटर, एयर कंडिशनिंग (तकनीशियन), असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन और आईटी कोर्डिनेटर शुरू किए हैं। इसके अलावा, कॉलेज द्वारा लोगों को ई-ट्रांजेक्शन के प्रति जागरूक बनाने के लिए अभियान शुरू किया जाएगा।

यह निर्णय कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कम्युनिटी कालेज के प्रबंधन मंडल की बैठक में लिया गया। नये पाठ्यक्रमों राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन की संचालन समिति द्वारा स्वीकृत है। बैठक में नये पाठ्यक्रमों के कार्यक्रम को भी स्वीकृति दी गई। वर्ष भर चलने वाले चारों पाठ्यक्रमों का पहला बैच 23 जनवरी से प्रारंभ होगा, जिसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 जनवरी है।

**NEWS CLIPPING: 23.12.2016**

**PUNJAB KESARI**

# वाईएमसीए विवि. में नए पाठ्यक्रम पर बनी सहमति

## प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत शुरू किए जा रहे हैं पाठ्यक्रम

फरीदाबाद, 22 दिसम्बर (सूरजमल): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद द्वारा युवाओं के कौशल विकास एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित कम्युनिटी कालेज में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत 4 नए पाठ्यक्रम लेथ ऑपरेटर, एयर कंडिशनिंग (तकनीशियन), असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन और आईटी कॉर्डिनेटर शुरू किए हैं। इसके अलावा, कालेज द्वारा लोगों को ई-ट्रांजेक्शन के प्रति जागरूक बनाने के लिए अभियान शुरू किया जाएगा।

यह निर्णय कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कम्युनिटी कालेज के प्रबंधन मंडल की बैठक में लिया गया। नए पाठ्यक्रमों राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन की संचालन समिति द्वारा स्वीकृत है। बैठक में नए पाठ्यक्रमों के कार्यक्रम को भी स्वीकृति दी गई। वर्ष भर चलने वाले चारों पाठ्यक्रमों का पहला बैच 23 जनवरी, 2017 से प्रारंभ होगा, जिसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 जनवरी, 2017 है। बैठक में संकायाध्यक्ष प्रो. संदीप ग्रोवर, प्रो. सीके नागपाल, कम्युनिटी कालेज के पूर्व प्राचार्य प्रो. विकास तुर्क, कुल सचिव डॉ. संजय कुमार शर्मा, फरीदाबाद औद्योगिक संघ के अध्यक्ष नवदीप चावला, केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के अंतर्गत क्षेत्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण निदेशालय में संयुक्त निदेशक योगेश बांगिया, आदि उपस्थित थे।

पंजाब केसरी ई-पेपर Fri, 23 December 2016
epaper.punjabkesari.in//c/15562569

**NEWS CLIPPING: 23.12.2016**

**DAINIK JAGRAN**

# वाईएमसीए के सामुदायिक कॉलेज में शुरू होंगे चार नए पाठ्यक्रम

**जागरण संवाददाता, फरीदाबाद :** युवाओं के कौशल विकास एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वाइएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि की ओर से चलाए जा रहे सामुदायिक कॉलेज में चार नए पाठ्यक्रम शुरू होंगे। इनमें लेथ ऑपरेटर, एयर कंडीशनिंग (तकनीशियन), असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन और आईटी कोर्डिनेटर शामिल है। यह निर्णय कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की अध्यक्षता में सामुदायिक कॉलेज के प्रबंधन मंडल की बैठक में लिया गया। नए पाठ्यक्रम राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन की संचालन समिति से स्वीकृत है। पहला बैच 23 जनवरी, 2017 से शुरू होगा। 10 जनवरी, 2017 तक आवेदन किए जा सकेंगे। प्राचार्य प्रो. नवदीप मल्होत्रा ने बताया कि नए पाठ्यक्रमों में 25-25 सीटें निर्धारित की गई है। इन सभी सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों की न्यूनतम अवधि 3 से 4 महीने की रहेगी और न्यूनतम योग्यता 10वीं पास तथा आईटी कोर्डिनेटर के लिए डिप्लोमा पास है। बैठक में निर्णय लिया गया कि सामुदायिक कॉलेज के सभी पाठ्यक्रम शाम 3.20 बजे से 7.30 बजे तक चलेंगे। शनिवार को सुबह 9 से 5 बजे तक कक्षाएं लगेंगी।